जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

11 नवम्बर, 2024

प्रेस विज्ञप्ति

आईपी यूनिवर्सिटी के छात्रों ने जामिया मिल्लिया इस्लामिया के अत्याधुनिक बिग डेटा, आईओटी और क्लाउड कंप्यूटिंग प्रयोगशाला (बीडीसीसी) का दौरा किया

दिनांक 9 नवंबर, 2024 को आईपी यूनिवर्सिटी से संबद्ध कॉलेज आईआईटीएम के छात्रों ने जामिया मिल्लिया इस्लामिया के कंप्यूटर विज्ञान विभाग में बिग डेटा, आईओटी और क्लाउड कंप्यूटिंग प्रयोगशाला के एक सूचनात्मक शैक्षिक दौरे में भाग लिया। इस ज्ञानवर्धक अनुभव वाले शैक्षिक भ्रमण के दौरान छात्रों का मार्गदर्शन आईआईटीएम के सहायक प्रोफेसर डॉ. मंजूर अंसारी ने किया।

जामिया के कंप्यूटर विज्ञान विभाग के प्रो. मनसफ आलम द्वारा विकसित प्रयोगशाला, भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा वित्तपोषित एक प्रमुख सुविधा केंद्र है। प्रो. आलम ने प्रयोगशाला में उपलब्ध उन्नत यंत्रों और उपकरणों के इंटरैक्टिव प्रदर्शन के माध्यम से छात्रों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने अत्याधुनिक आईओटी उपकरणों और सेंसर की विस्तृत श्रृंखला को क्रियाशील रूप में प्रदर्शित किया, जिससे छात्रों को प्रयोगशाला की क्षमताओं और बिग डेटा, आईओटी तथा क्लाउड कंप्यूटिंग के गतिशील क्षेत्र का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त हुआ।

प्रयोगशाला में अत्याधुनिक तकनीक को देखकर छात्र रोमांचित हुए और उन्होंने इससे व्यावहारिक अंतर्दृष्टि प्राप्त केरने के साथ इस बात को समझा कि इन तकनीकों को वास्तविक दुनिया के अनुप्रयोगों में किस प्रकार से लागू किया जाता है। इस अनुभव ने न केवल उनके शैक्षणिक ज्ञान को बढ़ाया अपितु उन्हें तेजी से विकसित हो रहे इन क्षेत्रों में गहराई से जाने- समझने के लिए भी प्रेरित किया।

डॉ. मंज़ूर अंसारी ने प्रो मनसफ आलम और जामिया मिल्लिया इस्लामिया के प्रति गर्मजोशी से स्वागत करने तथा छात्रों सीखने के सुअवसर प्रदान करने के लिए आभार व्यक्त किया। इस शैक्षिक दौरे ने निश्चित रूप से आईआईटीएम के छत्रों को प्रेरित किया है और उन्हें बिग डेटा, आईओटी एवं क्लाउड कंप्यूटिंग की दिशा में आगे के अध्ययन व शोध को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया है।

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के कंप्यूटर विज्ञान विभाग की अध्यक्ष प्रो. मोनिका मेहरोत्रा ने इस शैक्षिक दौरे की प्रशंसा की और छात्रों के लिए शैक्षणिक सहयोग एवं व्यावहारिक अधिगम के अवसरों को बढ़ावा देने वाली पहलों के लिए अपना समर्थन व्यक्त किया।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया